# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 06.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, आज, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण दि0 06.09.2024

# बीएचयू आइआइटी की ट्रांसपोर्ट नगर पर रहेगी नजर

## वीडीए के ड्रीम प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर न उठे सवाल, किया एमओयू, 50 टन लोड सहने की छमता होगी सड़क की

जेपी पांडेय• जागरण



मोहनसराय में ट्रांसपोर्टर नगर योजना में बनने वाले टावर की डिजाइन• जागरण



मोहनसराय में ट्रांसपोर्टर नगर योजना का माडल• जागरण

वाराणसी : मोहनसराय में बसाया जा रहा ट्रांसपोर्ट नगर वाराणसी विकास प्राधिकरण का ड्रीम प्रोजेक्ट है। प्राधिकरण अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने के साथ उसकी गुणवत्ता पर कोई सवाल नहीं उठे, इसको लेकर बीएचयू आइआइटी से एमओयू किया है। आइआइटी बनाए गए ड्राइंग को देखने के साथ ट्रांसपोर्टरों की सुविधा को भी देखेगी।

25 वर्ष तक सड़क खराब नहीं हो, इसके लिए विशेष सुझाव देगी। सड़क 45 से 50 टन तक लोड सहने की क्षमता वाली होगी। सीवर लाइन डालने के साथ वीडीए सड़क पर मिट्टी डाल चुकी है, बारिश खत्म होते ही सड़क बनाने का काम शुरू करेगी। ट्रांसपोर्टरों को प्लाट आवंटित करने के लिए इस माह के अंतिम सप्ताह में विज्ञापन निकाला जाएगा।

विकास प्राधिकरण ने 82 हेक्टेयर में ट्रांसपोर्टर नगर योजना बनाई है। इसमें वीडीए को 48 हेक्टेयर जमीन मिलने के साथ रेरा से अनुमति मिल गई है। शेष 34 हेक्टेयर जमीन अभी वीडीए को किसानों से खरीदनी है। जिला प्रशासन से अवार्ड (अधिनिर्णय यानि अधिग्रहण का आदेश) घोषित होने पर भूमि अधिग्रहण करने के लिए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने विकास प्राधिकरण से मांगे गए 194 करोड़ रुपये में से 40 करोड़ दे दिया है।

- रामकटोरा, लहरतारा व अन्य स्थानों के ट्रांसपोर्टरों को बसाने की योजना
- 48 हेक्टेयर जमीन पर चल रहा सड़क, पेयजल, बिजली का काम

**शहर को जाम से मिलेगी राहत:** वीडीए 48 हेक्टेयर जमीन पर सड़क, सीवर, पेयजल, बिजली समेत अन्य विकास कार्य तेजी से करा रहा है। हालांकि, बारिश में कुछ कार्य बंद पड़े हैं। शहरवासियों को जाम से राहत पहुंचाने के लिए परिवहन निगम बस स्टैंड को शहर से दूर ट्रांसपोर्ट नगर में बसा रहा है।

वहीं, रामकटोरा, लहरतारा समेत अन्य स्थानों के ट्रांसपोर्टरों को भी बसाएगा। विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में पिछले वर्ष आठ नवंबर-2023 जमीन अधिग्रहण करने और गत 28 दिसंबर को मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने आदेश दिया था।

### योजना में कब, क्या हुआ

- 1998 में ट्रांसपोर्ट नगर का बना प्रस्ताव
- 18 दिसंबर 2000 को जमीन अधिग्रहण को गजट
- परियोजना की लागत 82 करोड़
- 37 करोड़ में खरीदी गई जमीन
- 1194 किसानों की ली गई जमीन
- 48 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण
- 34.41 करोड़ रुपये मुआवजा ले चुके है 771 किसान
- शेष 34 हेक्टेयर जमीन का होना है अधिग्रहण
- शेष जमीन को 194 करोड़ जिला प्रशासन ने मांगे
- वीडीए ने 40 करोड़ जमीन अधिग्रहण को दिया



"ट्रांसपोर्ट नगर मे 48 हेक्टेयर जमीन पर सड़क, सीवर, नाली, बिजली आदि विकास कार्य कराए जा रहे है। ट्रांसपोर्ट नगर योजना वीडीए का ड्रीम प्रोजेक्ट है। गुणवत्ता पर कोई सवाल नहीं उठे, इसको लेकर बीएचयू आइआइटी से एमओयू किया गया है। माह के अंत तक आवंटन के लिए विज्ञापन निकालने की कोशिश है।

-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

## दैनिक जागरण–दि0 06.09.2024

### रोपवे स्टेशन के लिए गिरिजाघर पुलिस बूथ हटाने पर किया मंथन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में सभागार में रोपवे परियोजना के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन परियोजना के लिए अवस्थापना सुविधाओं व टावर निर्माण की समीक्षा की गई। विद्युत विभाग द्वारा टावर पांच से 13 के बीच बिजली का तार नहीं हटाये जाने पर नाराजगी प्रकट की गई। रोपवे स्टेशन निर्माण के लिए गिरिजाघर पुलिस बूथ हटाने पर मंथन शुरू हुआ। बिजली, जलकल व जल निगम की संपत्तियों की शिफ्टिंग कार्य को शीघ्र पूरा करे के लिए कहा गया है।

### उपाध्यक्ष ने अवैध निर्माण पर जताई नाराजगी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : लोहता छित्तुपुरा में गेस्ट हाउस के लिए आए आवेदन की जांच करने गुरुवार को विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग खुद देखने पहुंच गए। उपाध्यक्ष ने बताया कि दशाश्वमेध वार्ड के लोहता छित्तुपुरा में रूपनारायण व जीत नारायण ने गेस्ट हाउस के अलावा मैरिज लान के लिए 1741 वर्ग मीटर में आवेदन किया था।

आवेदक को मानचित्र में शर्तों को पूरा करने को कहा गया है जिससे तत्काल मानचित्र स्वीकृत किया जाए। इस दौरान आसपास अवैध निर्माण मिलने पर नाराजगी जाहिर की। इसके लिए जोनल अधिकारी और अवर अभियंता को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## आज–दि0 06.09.2024

### नवनिर्मित भवनों का विप्रा उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने जोनल अधिकारी और अभियंताओं के साथ दशाश्वमेध वार्ड के कई क्षेत्रों का मुआयना किया। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे निर्माण पर नाराजगी जाहिर करते हुए अभियंताओं से जांच करने का निर्देश दिया। यहां पर एक मैरेज लान में समन मानचित्र दाखिल कर विभाग से मानचित्र पास करने की अनुमति मांगी। यहां पर भी उपाध्यक्ष अधिनष्ठों के साथ मौका मुआयना किया और अभियंताओं का व्यापक निर्देश दिया। उन्होंने देखा कि आसपास क्षेत्रों में निर्माण गतिमान है।



# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 06.09.2024

# रोपवे के निर्माण में बाधक बना गिरजाघर का पुलिस बूथ हटेगा

माई सिटी रिपोर्टर



कैंट स्टेशन पर चल रहा रोपवे का काम। अमर उजाला

**वाराणसी।** रोपवे के निर्माण में बाधक बने गिरजाघर का पुलिस बूथ हटाया जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग से पत्राचार किया जाएगा। साथ ही बिजली के तार न हटने से रोपवे के निर्माण में देरी पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने नाराजगी जताई।

बृहस्पतिवार को वीडीए में हुई समीक्षा के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोपवे के निर्माण के बारे में पूछा। बताया गया कि रोपवे स्टेशन एवं टावरों के निर्माण कार्य में दिक्कत आ रही है।

कार्यदायी एजेंसी एनएचएलएमएल ने बताया कि टावर संख्या 5 से 13 के बीच केबल न हटने का कारण काम शुरू नहीं हो पा रहा है। गिरिजाघर से पुलिस बूथ से भी दिक्कत आ रही है। इस पर वीडीए उपाध्यक्ष ने बिजली, जलकल और जल निगम के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शिफ्टिंग कार्य में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर कराएं।

## अमर उजाला–दि0 06.09.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**वाराणसी।** शमन मानचित्र आवेदन मिलने पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। दशाश्वमेध वार्ड के आवेदक रूपनारायण और जीत नारायण ने छित्तूपुर लोहता में 1741 स्क्वायर मीटर के गेस्ट हाउस, मैरिज लॉन का आवेदन दिया था। मौके पर पहुंचे वीडीए उपाध्यक्ष ने आवश्यक कार्यवाही के लिए जोनल अधिकारी को निर्देश दिए। आसपास क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की जांच कर संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट मांगी। ब्यूरो

**वीडीए ने नगवा में अवैध निर्माण सील कर पुलिस को सौंपा :** वीडीए की ओर से नगवा वार्ड के इंद्रानगर कॉलोनी राजेश्वरी भवन के सामने मोतीलाल चटर्जी की ओर से निर्माण पूरा कर फीनिशिंग का कार्य कराया जा रहा था। मौके पर अवैध निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। कार्रवाई को अंजाम वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी और अवर अभियंता राकेश कुमार सिंह ने दिया।

## हिन्दुस्तान–दि0 06.09.2024

# रोप-वे का निर्माण तारों में 'उलझा'

## विद्युत विभाग के अफसरों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य में आ रही बाधा

**अड़चन**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। देश के पहले अर्बन ट्रांसपोर्ट के लिए रोप-वे का निर्माण तारों में उलझ गया है। कैंट से रथयात्रा तक रोप-वे का ट्रॉयल देवदीपावली से पहले शुरू होना था लेकिन बिजली और टेलीफोन के तारों के कारण टॉवर लगाने में समस्या आ रही है। जिससे तय समय तक ट्रॉयल का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण को इस साल के अंत तक भी यह संभव नहीं लग रहा है।

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने वीडीए प्रशासन को तारों की शिफ्टिंग नहीं होने से टॉवर बनाने में दिक्कत संबंधी रिपोर्ट भेजी है। कैंट से रथयात्रा के बीच रोप-वे के संचालन के लिए 18 टॉवर बनने हैं। अभी 10 टॉवर बने हैं या निर्माणाधीन हैं जो इस माह के अंत तक पूरे हो जाएंगे।

काशी विद्यापीठ परिसर, भारत माता मंदिर के पास 8 टॉवरों का निर्माण इन तारों के कारण नहीं हो पा रहा है। हाइटेंशन तार से टॉवरों के हिस्से, उपकरणों को लगा पाना संभव ही नहीं है। क्रेन से सामान नहीं पहुंच पा रहे हैं। काशी विद्यापीठ के मुख्य कैंपस में टॉवर नंबर पांच, छह और सात तथा भारत माता मंदिर के पास अन्य टॉवरों का निर्माण प्रभावित हो रहा है।

मई 2023 में रोप-वे प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद से 20 से अधिक मीटिंग केवल तारों की शिफ्टिंग को लेकर हुई है। हर बार बिजली विभाग के अधिकारी तारों को समय से हटा लेने की बात कहते हैं। लेकिन खंभों पर लगे (ओवरहेड) तारों को नहीं हटाया गया है।



**18** टावर कुल बनने हैं कैंट स्टेशन से रथयात्रा के बीच

**08** टावरों को लगाने में विद्युत तार हैं सबसे बड़ी बाधा

- विद्यापीठ कैंपस और भारत माता मंदिर के पास दिक्कत
- कार्यदायी संस्था ने विकास प्राधिकरण को भेजी रिपोर्ट
- शिफ्टिंग के लिए दर्जनों मीटिंग और पत्राचार हो चुके हैं
- पहले चरण का देवदीपावली तक ट्रॉयल होना मुश्किल

"बिजली विभाग को कुछ दिनों में तार हटाने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया है। विभाग ने सोमवार से तार हटाना शुरू कर देने का भरोसा दिया है। बुधवार को इस कार्य की प्रगति जानने के लिए फिर बैठक होगी।

–पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष वीडीए

### गिरजाघर में पुलिस बूथ हटाने पर विचार

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने गुरुवार को रोप-वे प्रोजेक्ट के तहत निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। वीडीए सभागार में बैठक के दौरान उन्होंने बिजली, जलकल, जल निगम, दूरसंचार विभाग के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा में उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। बैठक में गिरजाघर पुलिस बूथ को हटाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा, एक्सईएन आनंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## न्यायाधीश–दि0 06.09.2024

# अवैध निर्माण के खिलाफ वीडीए ने की सीलबन्दी



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-नगवॉ के अंतर्गत मोतीलाल चटर्जी द्वारा भवन संख्या सं0-एन-6/2-आर-7 मोहल्ला - इंद्रानगर कॉलोनी,राजेश्वरी भवन के सामने वार्ड-नगवा के 4555 के क्षेत्रफल भूतल का निर्माण पूर्ण कर जी+2 तल का निर्माण पूर्ण फिनिसिंग का किये जाने पर उत्तर प्रदेश नगर नियोजक विकास अधिनियम- 1973 की सुसंगत धारा -27, 28 (1) व 28 (2) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी t निर्माणकर्ता द्वारा वर्तमान में लगभग ह4555 में क्षेत्रफल में तृतीय तल पर स्टेयरकेस के निर्माण हेतु दीवार का निर्माण किया जा रहा है उक्त अनिधिकृत निर्माण को 05 सितम्बर को सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया था।इस दौरान जोनल अधिकारी श्री प्रमोद तिवारी अवर अभियंता श्री राकेश कुमार सिंह व उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 06.09.2024

## उपाध्यक्ष ने किया गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी। रूपनारायण व जीत नारायण पुत्र गण जीवबोध मौजा छित्तूपुर लोहता परगना देहात अमानत वार्ड दशाश्वमेध द्वारा गेस्ट हाउस(मैरिज लान)



जिसका क्षेत्रफल 1741 ऐश हेतु प्राप्त शमन मानचित्र आवेदन के क्रम में उपाध्यक्ष द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र में गतिमान निर्माणो को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु जोनल अधिकारी एवं अवर अभियंता को निर्देशित किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी एवं अवर अभियंता उपस्थित रहे।